Daily COVID-19 Updates

12 May, 2020



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोरोना संकट को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन

- साथियों, एक वायरस ने दुनिया को तहस-नहस कर दिया है. विश्व भर में करोड़ों जिंदगियां संकट का सामना कर रही हैं। सारी दुनिया,जिंदगी बचाने की जंग में जुटी है.

- लेकिन थकना, हारना, टूटना-बिखरना, मानव को मंजूर नहीं है। सतर्क रहते हुए, ऐसी जंग के सभी नियमों का पालन करते हुए, अब हमें बचना भी है और आगे भी बढ़ना है.

- जब हम इन दोनों कालखंडो को भारत के नजरिए से देखते हैं तो लगता है कि 21वीं सदी भारत की हो, ये हमारा सपना नहीं, ये हम सभी की जिम्मेदारी है.

- विश्व की आज की स्थिति हमें सिखाती है कि इसका मार्ग एक ही है- "आत्मनिर्भर भारत"

- एक राष्ट्र के रूप में आज हम एक बहुत ही अहम मोड़ पर खड़े हैं। इतनी बड़ी आपदा, भारत के लिए एक संकेत लेकर आई है, एक संदेश लेकर आई है, एक अवसर लेकर आई है.

- जब कोरोना संकट शुरु हुआ, तब भारत में एक भी पीपीई (PPE) किट नहीं बनती थी। एन-95 मास्क का भारत में नाममात्र उत्पादन होता था। आज स्थिति ये है कि भारत में ही हर रोज 2 लाख PPE और 2 लाख एन-95 मास्क बनाए जा रहे हैं.

- विश्व के सामने भारत का मूलभूत चिंतन, आशा की किरण नजर आता है। भारत की संस्कृति, भारत के संस्कार, उस आत्मनिर्भरता की बात करते हैं जिसकी आत्मा वसुधैव कुटुंबकम है.

- भारत जब आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो आत्मकेंद्रित व्यवस्था की वकालत नहीं करता। भारत की आत्मनिर्भरता में संसार के सुख, सहयोग और शांति की चिंता होती है.

- जब भारत खुले में शौच से मुक्त होता है तो दुनिया की तस्वीर बदल जाती है। टीबी हो, कुपोषण हो, पोलियो हो, भारत के अभियानों का असर दुनिया पर पड़ता ही पड़ता है.

- जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही दुनिया में आज भारत की दवाइयां एक नई आशा लेकर पहुंचती हैं। इन कदमों से दुनिया भर में भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा होती है, तो हर भारतीय गर्व करता है.

- दुनिया को विश्वास होने लगा है कि भारत बहुत अच्छा कर सकता है, मानव जाति के कल्याण के लिए बहुत कुछ अच्छा दे सकता है। सवाल यह है - कि आखिर कैसे? इस सवाल का भी उत्तर है- 130 करोड़ देशवासियों का आत्मनिर्भर भारत का संकल्प.

- आत्मनिर्भर भारत की ये भव्य इमारत, पाँच Pillars पर खड़ी होगी। पहला पिलर Economy एक ऐसी इकॉनॉमी जो Incremental change नहीं बल्कि Quantum Jump लाए. दूसरा पिलर Infrastructure एक ऐसा Infrastructureजो आधुनिक भारत की पहचान बने. तीसरा पिलर- हमारा System- एक ऐसा सिस्टम जो बीती शताब्दी की रीति-नीति नहीं, बल्कि

21वीं सदी के सपनों को साकार करने वाली Technology Driven व्यवस्थाओं पर आधारित हो.

- चौथा पिलर- हमारी Demography- दुनिया की सबसे बड़ी Democracy में हमारी Vibrant Demography हमारी ताकत है, आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारी ऊर्जा का स्रोत है.

- पाँचवाँ पिलर- Demand- हमारी अर्थव्यवस्था में डिमांड और सप्लाई चेन का जो चक्र है, जो ताकत है, उसे पूरी क्षमता से इस्तेमाल किए जाने की जरूरत है.

- कोरोना संकट का सामना करते हुए, नए संकल्प के साथ मैं आज एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा कर रहा हूं। ये आर्थिक पैकेज, 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की अहम कड़ी के तौर पर काम करेगा.

- हाल में सरकार ने कोरोना संकट से जुड़ी जो आर्थिक घोषणाएं की थीं, जो रिजर्व बैंक के फैसले थे, और आज जिस आर्थिक पैकेज का ऐलान हो रहा है, उसे जोड़ दें तो ये करीब-करीब 20 लाख करोड़ रुपए का है। ये पैकेज भारत की GDP का करीब-करीब 10 प्रतिशत है.

- इन सबके जरिए देश के विभिन्न वर्गों को, आर्थिक व्यवस्था की कड़ियों को, 20 लाख करोड़ रुपए का संबल मिलेगा, सपोर्ट मिलेगा। 20 लाख करोड़ रुपए का ये पैकेज, 2020 में देश की विकास यात्रा को, आत्मनिर्भर भारत अभियान को एक नई गति देगा.

- ये आर्थिक पैकेज हमारे कुटीर उद्योग, गृह उद्योग, हमारे लघु-मंझोले उद्योग, हमारे MSME के लिए है, जो करोड़ों लोगों की आजीविका का साधन है, जो आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का मजबूत आधार है.

- ये आर्थिक पैकेज देश के उस श्रमिक के लिए है, देश के उस किसान के लिए है जो हर स्थिति, हर मौसम में देशवासियों के लिए दिन रात परिश्रम कर रहा है। ये आर्थिक पैकेज हमारे देश के मध्यम वर्ग के लिए है, जो ईमानदारी से टैक्स देता है, देश के विकास में अपना योगदान देता है.

- लॉकडाउन का चौथा चरण, लॉकडाउन 4, पूरी तरह नए रंग रूप वाला होगा, नए नियमों वाला होगा। राज्यों से हमें जो सुझाव मिल रहे हैं, उनके आधार पर लॉकडाउन 4 से जुड़ी जानकारी भी आपको 18 मई से पहले दी जाएगी.

- आत्मनिर्भरता हमें सुख और संतोष देने के साथ-साथ सशक्त भी करती है। 21वीं सदी, भारत की सदी बनाने का हमारा दायित्व, आत्मनिर्भर भारत के प्रण से ही पूरा होगा। इस दायित्व को 130 करोड़ देशवासियों की प्राणशक्ति से ही ऊर्जा मिलेगी.

- आत्मनिर्भर भारत का ये युग, हर भारतवासी के लिए नूतन प्रण भी होगा, नूतन पर्व भी होगा। अब एक नई प्राणशक्ति, नई संकल्पशक्ति के साथ हमें आगे बढ़ना है.

कोरोना संकट के बीच सुरक्षित घर वापसी करा रही रेलवे

लॉकडाउन के दौरान एक बड़ी चिंता कामगारों/मजदूरों को लेकर थी कि कैसे इन्हें सुरक्षित इनके गन्तव्य तक पहुँचाया जाए. यकीनन केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इस दिशा में मजबूत प्रयास किए गए और सरकार ने दृढ़ इच्छा दिखाते हुए देश भर में श्रमिकों के लिए विशेष रूप से 300 ट्रेन चलाने का फ़ैसला किया. कोरोना के प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं. महत्वपूर्ण यह कि इस विषम परिस्थिति में भी केंद्र सरकार हर परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार दिखाई दे रही है. इसी क्रम में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 12 मई से आंशिक रूप से ट्रेनों का संचालन शुरू करने का फैसला किया है. कुछ विशेष नियमों के तहत 15 ट्रेनों की आवाजाही तय की गई है. चूंकि लॉकडाउन के कारण बहुत से लोग अपने-अपने गृहनगर से दूर फंसे हुए हैं. वह किसी तरह अपने घर जाने को आतुर हैं. ऐसी स्थिति में आम लोगों के अलावा कई राज्य की सरकारों ने भी विशेष ट्रेनें चलाने का आग्रह रेल मंत्रालय से किया था. जिस पर अपनी मंजूरी प्रदान करते हुए रेलवे ने पहले 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें को चलाने की अनुमति दी. उसके उपरांत अब आमजन के लिए रेल सेवा धीरे-धीरे शुरू की जा रही है. विशेष रूप से उल्लेख करना होगा कि डिपो में सभी रेल गाड़ियों की वक़्त-वक़्त पर अच्छे से सफाई की जा रही है और उसे सेनेटाइज किया जा रहा है. एसी कोच से कंबल और परदे हटा दिए गए हैं. यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी प्रोटोकॉल से सख्ती से पालन किया जा रहा है. सुखद यह है कि अब तक लगभग 5 लाख 50 हजार से ज्यादा कामगारों को उनके गन्तव्य तक पहुँचाया जा चुका है. इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया है कि श्रमिकों को मुफ़्त भोजन पानी मिले और उनकी स्क्रीनिंग भी हो. हर परिस्थिति में समाजिक दूरी का पालन कराया जा रहा है. सभी बड़े स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, सीढ़ियों, शौचालयों, वेटिंग रूम समेत सभी जगहों पर साफ़-सफ़ाई और दवा का छिड़काव किया जा रहा है. जाहिर है कि प्रधानमंत्री ने इस लड़ाई में 'जान है तो जहान है' का नारा दिया था. ऐसे में सरकार किसी तरह की कोई कोताही बरतने के मूड में नहीं है. गौरतलब है कि आम जनता भी कोरोना वायरस के

खिलाफ जंग में अपनी पूरी सहभागिता दर्ज कराई है और निश्चित रूप से यही जज्बा, यही हिम्मत कोरोना को हराने में निर्णायक साबित होगा.

Positive India:

1. देश में रिकवरी रेट 31.15 फीसद, डिस्चार्ज नीति में किया गया बदलाव: स्वास्थ्य मंत्रालय- https://www.jagran.com/news/national-more-than-5-lakh-people-have-been-transported-to-their-homes-by-special-trains-so-far-home-ministry-said-20261137.html

2. कोरोना वायरस के संक्रमण से मुकाबले के लिए 'हर्ड इम्युनिटी' की तरफ बढ़ता देश- https://www.jagran.com/news/national-what-is-herd-immunity-is-india-preparing-for-herd-immunity-against-coronavirus-jagran-special-20263495.html

3. Glenmark Pharmaceuticals ने एंटी वायरल दवा Favipiravir के तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल भारत में किया शुरू- https://www.jagran.com/news/national-glenmark-pharmaceutical-started-clinical-trials-of-favipiravir-in-india-for-combat-covid19-20263591.html

4. कोरोना महामारी के बीच राशन कार्ड पर मोदी सरकार ने बदला नियम, करोड़ों लोगों को राहत- https://www.jagran.com/news/national-food-ministry-extends-deadline-for-seeding-aadhaar-with-ration-cards-till-sept-20263475.html

5. कफ की पहचान कर कोरोना से बचने में मदद करेगा एनआईटी का 'सेहत सुरक्षा चक्र' ऐप- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-safety-device-nit-raipur-app-help-you-to-avoid-corona-by-identifying-cough-20263364.html

6. कोरोना महामारी में दुनिया की मदद के लिए फरिश्ता बनीं भारतीय नर्स- https://www.livehindustan.com/national/story-indian-nurses-saved-many-lives-during-coronavirus-time-3209210.html

7. अब तक 513 श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाई गयीं, छह लाख से अधिक श्रमिकों ने यात्रा की, अब रोजाना 100 ऐसी ट्रेनें चलेंगी: रेलवे- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/so-far-513-laborers-special-trains-have-been-run-more-than-six-lakh-laborers-have-traveled-now-100-such-trains-will-run-daily/articleshow/75684268.cms

8. ICMR nod to 28 institutes for plasma therapy trials- https://www.hindustantimes.com/india-news/icmr-nod-to-28-institutes-for-plasma-therapy-trials/story-BK24kRcy1dsIzfMcsmZNeM.html

9. India sends 88 nurses to help UAE fight Covid-19- https://timesofindia.indiatimes.com/india/india-sends-88-nurses-to-help-uae-fight-covid-19/articleshow/75687128.cms

10. SHGs deliver over 10 crore masks, 2 lakh protective gears for frontline workers- https://timesofindia.indiatimes.com/india/shgs-deliver-over-10-crore-masks-2-lakh-protective-gears-for-front-line-workers-in-fight-against-covid-19/articleshow/75681202.cms



India Fights Corona (COVID-19 Updates)

- देश में पिछले 24 घंटों में 3,604 COVID19 मामले सामने आए हैं। देश में अब पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 70,756 हो गई है, इसमें 46,008 सक्रिय मामले, 22454 ठीक / डिस्चार्ज / माइग्रेट मामले और 2,293 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- जैसा कि हम लगातार देख रहे हैं, हमारी रिकवरी रेट हर रोज बेहतर हो रही है। आज हमारी रिकवरी दर 31.7% है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन

- हमारी मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम है। आज मृत्यु दर लगभग 3.2% है, कई राज्यों में यह इससे भी कम है। वैश्विक मृत्यु दर लगभग 7-7.5% है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन

- जम्मू और कश्मीर में 55 और COVID19 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 13 जम्मू संभाग से और 42 जम्मू संभाग से हैं। केंद्र शासित प्रदेश में कुल मामलों की संख्या अब 934 हो गई है, जिसमें 469 सक्रिय मामले, 455 ठीक हुए और 10 मौतें शामिल हैं :J&K सरकार

- राज्य में आज COVID19 के 6 नए मामले सामने आए हैं, 24 सक्रिय, 35 ठीक हो चुके और 2 मौतों सहित कुल मामलों की संख्या बढ़कर 65 हो गई :हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग

- गौतमबुद्ध नगर में 6 और COVID19 मामले और 1 मौत की सूचना मिली है। जिले में कुल मामलों की संख्या अब 230 हो गई है, जिसमें 141 डिस्चार्ज, 86 सक्रिय रोगी और 3 मौतें शामिल हैं।

- COVID19 मामलों की कुल संख्या पंजाब में 1914 हो गई है, आज 37 और लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। संक्रमण के कारण सक्रिय मामलों और मृत्यु की संख्या क्रमशः 1711 और 32 है :पंजाब स्वास्थ्य विभाग

- राज्य में आज COVID19 के 110 नए मामले सामने आए और 8 मौतें हुई हैं। कुल सक्रिय मामले 1363 हो गए हैं: पश्चिम बंगाल गृह सचिव

- मुंबई के धारावी इलाके में आज 46 नए COVID19 मामले और 1 मौत की सूचना मिली है। क्षेत्र में अब कुल 962 मामले सामने आए हैं, जिनमें 31 मौतें शामिल हैं: बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC)

- आज केरल में 5 COVID19 मामले सामने आए, जिनमें से 4 विदेश से और 1 चेन्नई (तमिलनाडु) से लौटा था। राज्य में अब कुल मामलों की संख्या 529 है, जिसमें 32 सक्रिय मामले शामिल हैं: केरल CM पिनाराई विजयन

- 12 मई 2020 शाम 5:00 बजे तक राज्य में 925 COVID19 पॉजिटिव मामलों की पुष्टि की गई है, इसमें 31 मौतें और 433 डिस्चार्ज शामिल हैं: कर्नाटक सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

- आज शाम 4 बजे तक कुल 575 "श्रमिक स्पेशल" ट्रेनों का परिचालन विभिन्न राज्यों से किया गया है, जिनमें से 463 ट्रेनें अपने गंतव्य तक पहुँच चुकी हैं और 112 ट्रेनें रास्ते में हैं। इन ट्रेनों में 6.8 लाख से अधिक लोगों ने यात्रा की है: भारतीय रेल

- आज बिहार में 34 नए COVID19 मामले दर्ज किए गए, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 801 हो गई है: संजय कुमार, बिहार प्रधान स्वास्थ्य सचिव

- पिछले 24 घंटों में ITBP के 2 और जवानों का COVID19 टेस्ट पॉजिटिव आया। पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 159 हो गई है और कोरोना से 1लोग ठीक हो चुके हैं: भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

- उत्तराखंड में आज COVID19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया है।अब पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 68 हो गई है इसमें 21 सक्रिय मामले और 46 ठीक मामले शामिल है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 33 नए COVID19 मामले सामने आए हैं अब राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 2051 हो गई है: आंध्र प्रदेश स्वास्थ्य विभाग

COVID-19 Updates (Worldwide)

- Maldives government express its sincere thanks and gratitude to PM Narendra Modi and people of India for 580 tons of essential food items; Foreign Minister Abdulla Shahid says the gift couldn’t have been more opportune terming it as Ramadan gift.

- In Nepal, the number of COVID-19 cases has jumped to 191 as 57 more persons tested positive today. This is the highest number of Coronavirus cases reported in a single day so far: AIR

- Russia has world's second highest number of coronavirus cases: AFP tally

- World powers including Russia and India push on with easing coronavirus restrictions, despite upsurges in infections in parts of the world and warnings of a second wave epidemic: AFP

- Virus-hit Iran will reopen its mosques for three nights over the next week so that worshippers can pray during one of the holiest times of year, a minister says.

- South Korean using mobile phone data to trace nightclub visitors as they try to tackle coronavirus cluster: AFP

- India's enormous railway network is grinding back to life in a gradual lifting of the world's biggest #coronavirus lockdown, even as new cases surge: AFP

- US records 830 coronavirus deaths in the past 24 hours, bringing the total to 80,352, according to Johns Hopkins University.

- Wuhan is drawing up plans to test its entire population of 11 million people for Covid-19, Chinese state media report.

- Five Covid-19 patients die in St Petersburg hospital fire after short-circuit in ventilator - Russian news agencies: BBC

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेख के मुख्य बिंदु

कायम की मिसाल: पीएम मोदी ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में समाज को एक नई राह दिखाई

कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत पूरी दुनिया को राह दिखा रहा है तो इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि देश का नेतृत्व नरेंद्र मोदी जैसे ऐसे सशक्त व्यक्तित्व के हाथों में है जिन्होंने न केवल समय पर देश में पूर्ण लॉकडाउन लागू किया, बल्कि फिजिकल डिस्टेंसिंग और कोरोना वॉरियर्स के सम्मान को जन-मानस का मंत्र भी बना दिया। सख्त फैसलों और राहत के चौतरफा उपायों की वजह से ही 130 करोड़ की आबादी वाले भारत में कोरोना वायरस एक बड़ी हद तक नियंत्रित है।

दुनिया ने यह स्वीकारा है कि भारत कोरोना से जंग में मिसाल बनकर उभरा है। कोरोना संकट पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिए गए त्वरित निर्णय यह बताने के लिए काफी हैं कि अब हिंदुस्तान समस्याओं को टालने में नहीं, बल्कि चुनौतियों का मुकाबला करने में यकीन रखता है। शुरुआती अप्रैल में जहां हम पीपीई किट और एन-95 मास्क के लिए दूसरे देशों पर निर्भर थे वहीं आज प्रत्येक दिन लगभग ढाई लाख पीपीई किट और दो लाख से अधिक एन-95 मास्क का उत्पादन हो रहा है। बहुत जल्द भारत इन चीजों के उत्पादन में चीन से आगे निकल जाएगा।

शुरुआत में जहां विशेषज्ञ वेंटिलेटर्स की कमी को लेकर चिंता जता रहे थे, वहीं आज वेंटिलेटर्स की कोई कमी नहीं है। अप्रैल तक देश में पांच लाख से अधिक आइसोलेशन बेड तैयार कर लिए गए थे। अब पर्याप्त मात्रा में आईसीयू बेड भी तैयार हैं ताकि किसी भी चुनौती से आसानी से निपटा जा सके।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-modi-set-example-pm-modi-showed-new-path-to-society-in-fight-against-corona-virus-20262782.html



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey